HOME इंडस्ट्री हरियाणा-NCR पॉलिटिक्स स्पोर्ट्स देश-प्रदेश एंटरटेनमेंट क्राइम

Home › हरियाणा ncr › अग्रवाल महाविद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

हरियाणा ncr

# अग्रवाल महाविद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

By **Jantantratoday** September 5, 2023 1 0



**फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे**

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में दिनांक 5 सितंबर 2023 को भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर "शिक्षक दिवस" का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी के कुशल नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्य व समस्त प्राध्यापकों का स्वागत कर अभिनंदन किया गया। माननीय प्राचार्य महोदय ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्राचार्य महोदय ने सभी शिक्षकों शिक्षा दिवस पर शुभकामनाएं दी और बताया कि विश्वविख्यात दार्शनिक में भारत के दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन मैनन के जन्मदिवस पर आप सबका अभिनंदन करता हूं और आशा करता हूं कि आप उन्हीं के पथ पर चलते हुए एक आदर्श शिक्षक सिद्ध होगा। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तरह ही चिंतन नमन करके उनके गुणों को अपने में ढालना चाहिए।

उन्होंने आचार्य, गुरु और शिक्षक के महत्व को बताते हुए बेमिसाल अध्यापक है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाशमान बनने को प्रेरित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी कों पुष्पांजलि अर्पित कर आदर्श जीवन को अपनाने व सही मार्ग पर चलकर दीपक की भांति निरंतर प्रकाश मान रहने की प्रेरणा प्राप्त की।